>

Title: Need to set up a Central Sericulture Research and Training Institute in Hoshiarpur district, Punjab.

श्रीमती संतोष चौधरी (होशियारपुर): मेरा निर्वाचन क्षेत्र होशियारपुर पंजाब का एक पिछड़ा क्षेत्र है जिस का अधिकतर क्षेत्र कंडी क्षेत्र कहलाता है जहां न तो कोई कारखाने हैं, न व्यवसाय है यदि है तो जंगल ही जंगल एवं जंगल में जंगली जानवर। जिस के कारण किसान फसल भी नहीं लगा पाता और परिणाम उनकी गरीबी तथा बेरोजगारी है। यदि इस क्षेत्र में भारत सरकार अनुसंधान प्रसार केंद्र (रेशम बोर्ड का) खोल दिया जाए तो छोट-छोटे किसान रेशन कीट पालन कार्य अपना कर, अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं, बेरोजगार बच्चों को व्यवसाय मिल सकता है। इस अनुसंधान केंद्र के खुलने से किसानों को नवीनतम तकनीकी विधियों की जानकारी प्राप्त हो सकती है। इस केंद्र के खुलने से शहतूत का अधिक उत्पादन तथ नवीनतम प्रजातियों को उपलब्ध करवाया जा सकता है। यहां की जमीन शहतूत वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त है।

अतः मैं संबंधित मंत्री जी को अनुरोध करना चाहती हूं कि जिला होशियारपुर के तलवाड़ा क्षेत्र में केंद्रीय अनुसंधान केंद्र खुलवाने की कृपा करें जिससे कंडी क्षेत्र के लोगों को लाभ मिले तथ उन का जीवन सफल हो सके। दसूहा तलवाड़ा, मुकेरिया की जलवायु रेशम का कीड़ा पालने के लिए अनुकूल है। मुझे आशा है कि आप शीघ्र से शीघ्र मेरी मांग मान कर अनुगृहित करेंगे।